# महिदपुर में छात्राओं का अनोखा विरोध : प्राचार्य अर्जुन दावरे के तबादले के विरोध में सड़क पर उतरीं छात्राएं

**महिदपुर। नगर स्थित शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में पदस्थ प्राचार्य अर्जुन सिंह दावरे के अचानक हुए तबादले के विरोध में छात्राओं ने जोरदार प्रदर्शन किया। अपने प्रिय प्राचार्य के स्थानांतरण से नाराज छात्राएं विद्यालय परिसर से बाहर निकलकर सड़क पर आ गईं और विरोध स्वरूप नारेबाजी करते हुए चक्काजाम कर दिया। इस दौरान करीब तीन घंटे तक स्थिति तनावपूर्ण बनी रही और क्षेत्र में यातायात भी प्रभावित हुआ।**

जानकारी अनुसार, जैसे ही छात्राओं को प्राचार्य अर्जुन दावरे के तबादले की सूचना मिली, विद्यालय में असंतोष का माहौल बन गया। बड़ी संख्या में छात्राएं एकत्रित होकर विद्यालय के बाहर पहुंचीं और प्राचार्य का तबादला निरस्त करने की मांग करने लगीं। छात्राओं का कहना था कि प्राचार्य दावरे के नेतृत्व में विद्यालय में शिक्षा व्यवस्था बेहतर हुई है तथा विद्यार्थियों को पढ़ाई के साथ अनुशासन और मार्गदर्शन भी मिलता रहा है। ऐसे में बीच शैक्षणिक सत्र में उनका स्थानांतरण होने से पढ़ाई प्रभावित होने की आशंका है।

प्रदर्शन के दौरान छात्राओं ने प्राचार्य को वापस लाओ, हमारी पढ़ाई बचाओ और तबादला वापस लो जैसे नारे लगाए। कई छात्राओं ने भावुक होकर कहा कि अर्जुन दावरे सर,



केवल एक प्रशासक नहीं बल्कि उनके मार्गदर्शक और प्रेरणास्रोत रहे हैं। उन्होंने विद्यालय के शैक्षणिक स्तर को सुधारने, छात्राओं को प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए प्रेरित करने तथा विभिन्न गतिविधियों में आगे बढ़ाने का कार्य किया है। छात्राओं का कहना था कि विद्यालय के विकास और बेहतर परिणामों में प्राचार्य की महत्वपूर्ण भूमिका रही है। उनका मानना है कि यदि वर्तमान सत्र के बीच में प्राचार्य का तबादला हो जाता है तो विद्यालय की शैक्षणिक गतिविधियों पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ सकता है।

इसी चिंता के कारण छात्राओं ने विरोध प्रदर्शन का रास्ता अपनाया।

स्थानीय लोगों के अनुसार, प्रदर्शन शुरू होने के बाद काफी समय तक कोई वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी मौके पर नहीं पहुंचा। लगभग तीन घंटे तक छात्राएं सड़क पर डटी रहीं। बाद में स्थिति की गंभीरता को देखते हुए पुलिस प्रशासन, नायब तहसीलदार तथा शिक्षा विभाग के अधिकारी मौके पर पहुंचे। अधिकारियों ने छात्राओं से चर्चा की और उन्हें शांतिपूर्वक अपनी बात रखने की समझाइश दी। अधिकारियों ने छात्राओं को आश्वस्त किया कि उनकी मांगों और भावनाओं से वरिष्ठ अधिकारियों को अवगत कराया जाएगा। इसके बाद धीरे-धीरे छात्राएं शांत हुईं और प्रदर्शन समाप्त किया गया। पुलिस प्रशासन की मौजूदगी में यातायात व्यवस्था भी पुनः सामान्य कराई गई। प्रदर्शन के दौरान कुछ छात्राओं ने यह भी आरोप लगाया कि कुछ दिनों पूर्व प्राचार्य अर्जुन दावरे सर, का कुछ लोगों के साथ विवाद हुआ था। इसके बाद अचानक उनका तबादला होना क्षेत्र में चर्चा का विषय बन गया है। हालांकि इस संबंध में किसी भी अधिकारी द्वारा आधिकारिक रूप से कोई पुष्टि नहीं की गई है। सोशल मीडिया पर भी यह मामला लगातार चर्चा में बना हुआ है। विभिन्न सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर लोग इस तबादले के कारणों को लेकर अपनी-अपनी प्रतिक्रियाएं दे रहे हैं। हालांकि इन दावों की स्वतंत्र पुष्टि नहीं हो सकी है और न ही प्रशासन अथवा संबंधित पक्षों की ओर से इस विषय पर कोई आधिकारिक बयान सामने आया है। महिदपुर में छात्राओं द्वारा अपने प्राचार्य के समर्थन में किया गया यह विरोध प्रदर्शन पूरे क्षेत्र में चर्चा का विषय बना हुआ है। शिक्षा जगत से जुड़े लोगों का मानना है कि किसी शिक्षक या प्राचार्य के प्रति विद्यार्थियों का इस प्रकार का भावनात्मक जुड़ाव उनकी कार्यशैली और लोकप्रियता को दर्शाता है। अब सभी की निगाहें इस बात पर टिकी हैं कि छात्राओं की मांग पर शासन और शिक्षा विभाग क्या निर्णय लेते हैं तथा प्राचार्य अर्जुन दावरे के तबादले को लेकर आगे क्या स्थिति बनती है।

## एक नजर में

### झमाझम बारिश से किसानों के चेहरे खिले



**घट्टिया।** दिनभर की उमस भरी तेज गर्मी के बाद शाम 5 बजे आसमान में घने बादल छाए व एक घण्टे से अधिक समय तक झमाझम बारिश हुई। वर्तमान में सोयाबीन सहित अन्य फसलों की बुआई कार्य पूर्ण हो गया है व फसले अंकुरित होकर मिट्टी से बाहर उग आई है ऐसे में जोरदार बारिश होने से फसलों अच्छा फायदा होगा जिससे किसानो के चेहरे खिल उठे। बच्चों सहित बड़ों ने भी भीग कर बारिश का आनन्द लिया। वहीं तेज बारिश होने से निचली बस्तियों में पानी भर गया। साथ ही नालिया साफ़ नहीं होने से व ड्रेनेज सिस्टम खराब होने से गन्दा पानी सडकों पर बह निकला। जिससे आम नागरिकों को आवाजाही में परेशानी का सामना करना पड़ा।

### साइबर अपराधों के प्रति जागरूकता को लेकर बैठक




**घट्टिया।** साइबर अपराधों के प्रति जागरूकता लाने के लिए सैफ़ क्लिक 2.0अभियान चलाया जा रहा है। इसी तारतम्य में जगोटी पंचायत भवन में शनिवार को राघवी थाना टीआई वीरेंद्र सिंह बंदेवार ने बड़ी संख्या में उपस्थित ग्रामीणों को साइबर अपराधों को लेकर विस्तृत जानकारी दी। आपने बताया कि इंटरनेट के माध्यम से सोशल मीडिया, फ्राड, फर्जी लिंक, फिशिंग, ओटीपी, बैंकिंग धोखाधड़ी, क्यू आर कोड़, फर्जी निवेश,, गोपनीय जानकारी को लेकर मार्गदर्शन देते हुए कहा कि जागरूक रहकर ही हम इस आधुनिक धोखाधड़ी से बच सकते हैं। इस अवसर पर अनंत शर्मा, दिनेश वर्मा, जगन्नाथ शर्मा, गंगाराम चौधरी, सुरेश चौधरी, रमेश जाट, प्रभुलाल ठाकुर, बाबूलाल आंजना, रामेश्वर पटेल, शिवनारायण शर्मा ताजपुर, लालू सिंह यादव, मोहनलाल पांचाल सहित गणमान्य नागरिक गण मौजूद थे। संचालन अखिलेश सिंह व आभार अरविंद यादव ने व्यक्त किया। इस अवसर पर साइबर अपराधों के प्रति जागरूकता संबंधी पर्चे बांटे।

### गुरुओं का सम्मान करने से ही जीवन में मिलेगी सफलता...

**उज्जैन।** प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस शासकीय माधव महाविद्यालय में नवप्रवेशित विद्यार्थियों के लिए आयोजित दीक्षारंभ कार्यक्रम का समापन हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि उज्जैन उत्तर के विधायक अनिल जैन कालूहेड़ा ने विद्यार्थियों का मार्गदर्शन करते हुए कहा कि यह महाविद्यालय एक अग्रणी और अंतरराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त शिक्षण संस्थान है। यहां प्रवेश पाना विद्यार्थियों के लिए सौभाग्य की बात है। उन्होंने कहा कि बिना मेहनत के सफलता नहीं मिल सकती। विद्यार्थी नियमित रूप से कॉलेज आएं और अपने सपनों को आकार दें। विधायक कालूहेड़ा ने विद्यार्थियों को प्रेरित करते हुए कहा कि आपको श्रेष्ठ शिक्षक मिले हैं, हमेशा अपने इन गुरुओं का सम्मान करें क्योंकि गुरु का अपमान करने वाले को जीवन में कभी सफलता नहीं मिलती। यह आपका अपना कॉलेज है और इसकी प्रतिष्ठा को और बढ़ाना आपकी जिम्मेदारी है। भारत की बौद्धिक संपदा का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि देश के वैज्ञानिकों की प्रतिभा और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रयासों से ही भारत ने बहुत जल्द कोरोना का टीका बना लिया था। उन्होंने कामना की कि इस महाविद्यालय में भी ऐसी ही वैज्ञानिक और बौद्धिक संपदा विकसित हो। साथ ही बताया कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के मार्गदर्शन में उज्जैन नगर का लगातार कायाकल्प हो रहा है। उन्होंने छात्रों के कल्याण के लिए हर संभव सहयोग का आश्वासन दिया। कार्यक्रम के प्रारंभ में डॉ. अल्पना उपाध्याय ने अतिथियों का स्वागत किया। प्राचार्य प्रो. कल्पना वीरेंद्र सिंह ने स्वागत भाषण देते हुए उच्च शिक्षा विभाग के निर्देशों की रूपरेखा रखी। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों को महत्वपूर्ण जानकारियां प्रदान की गईं। इनमें परीक्षा प्रणाली के बारे में प्रो. आयशा सिद्दीकी, शिक्षण अधिगम पर प्रो. दिनेश वर्मा, आवास सहायता योजना पर प्रो. चिंतामन सूर्यवंशी, रैगिंग रोकथाम पर प्रो. रायसिंह सोलंकी और भारतीय ज्ञान परंपरा के विषय में डॉ. शोभा मिश्र ने विस्तृत जानकारी दी। समारोह की शुरुआत में सरस्वती वंदना डॉ. नलिनी तिलकर ने प्रस्तुत की।

### लायंस क्लब उज्जैन सुर मंदिर का संस्थापन समारोह

**उज्जैन।** लायंस क्लब उज्जैन सुर मंदिर का संस्थापन समारोह इंदौर रोड स्थित एक निजी होटल में गरिमामय वातावरण में आयोजित किया गया। समारोह में नई कार्यकारिणी का विधिवत संस्थापन किया गया तथा क्लब के पदाधिकारियों ने समाजसेवा और जनकल्याण के कार्यों को प्राथमिकता देने का संकल्प लिया। समारोह के मुख्य अतिथि पूर्व आयुक्त हीरालाल त्रिवेदी तथा संस्थापन अधिकारी एवं पूर्व डिस्ट्रिक्ट गवर्नर लायन बलबीर सिंह साहनी थे। विशिष्ट अतिथि के रूप में वाइस डिस्ट्रिक्ट गवर्नर लायन संजय सक्सेना उपस्थित रहे। संस्थापन अधिकारी लायन बलबीर सिंह साहनी ने क्लब के नवनिर्वाचित अध्यक्ष लायन अनिल त्रिवेदी, सचिव लायन प्रेमशंकर जायसवाल, कोषाध्यक्ष लायन मुस्ताक पटेल तथा प्रथम उपाध्यक्ष लायन अरविंद इवांस को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। इस अवसर पर मुख्य अतिथि हीरालाल त्रिवेदी, लायन बलबीर सिंह साहनी एवं लायन संजय सक्सेना ने नई कार्यकारिणी को शुभकामनाएं देते हुए लायंस क्लब के माध्यम से सेवा, सहयोग और सामाजिक सरोकारों से जुड़े कार्यों को निरंतर आगे बढ़ाने का आव्हान किया। कार्यक्रम का आयोजन एमजेएफ लायन सुभाषचंद्र दुबे, चार्टर अध्यक्ष सुरेखा दुबे तथा संयोजक कर्नल राजकुमार सिंह के मार्गदर्शन में किया गया। समारोह में लायंस क्लब उज्जैन सुर मंदिर के अलावा शहर के विभिन्न लायंस क्लबों के पदाधिकारी एवं सदस्य भी शामिल हुए। इनमें राकेश शर्मा, सत्येंद्र श्रीवास्तव, डॉ गौतमशर्मा, लायन संजीव गडकरी, प्रदीप निगम, धर्मेंद्र सराफ, जे.पी. पंचारिया, किरण पंचारिया, अरमान पटेल, श्रीकांत विशांपायन, भूपेंद्र त्रिवेदी, छाया लोखंडे और विनीत लोखंडे प्रमुख रहे। इसके अतिरिक्त भारत विकास परिषद के क्षेत्रीय संयोजक लायन संजय अग्रवाल, राजेश पांडे, ईश्वर सिंह सिसोदिया, प्रमोद जैन सहित अन्य सदस्य तथा प्रोग्रेसिव पेंशनर्स संघ के अध्यक्ष ओम दुबे एवं सचिव नरेंद्र सिंह राठौड़ भी उपस्थित रहे।

# एक पेड़ मां के नाम अभियान के अंतर्गत पौधारोपण

**उज्जैन।** मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद के स्थापना दिवस पर एक पेड़ मां के नाम अभियान अंतर्गत पौधारोपण मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद विकासखंड महिदपुर द्वारा जन अभियान परिषद के स्थापना दिवस के अवसर पर प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी एक पेड़ मां के नाम अभियान का शुभारंभ उत्कृष्ट विद्यालय महिदपुर में आम और जामुन के पौधे लगाकर किया गया।



कार्यक्रम का उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण के प्रति जनजागरूकता बढ़ाना तथा अधिक से अधिक पौधे लगाने के लिए लोगों को प्रेरित करना था। ब्लॉक समन्वयक नम्रता तिवारी के नेतृत्व में एवं सुनील कुमार दुबे के मुख्य आतिथ्य में पौधारोपण किया गया। इस अवसर पर शोभाराम राठौड़, परीक्षा अधीक्षक राजेश कमलकर, एनसीसी अधिकारी शैलेंद्र सिंह राठौड़, परामर्शदाता सोनू व्यास, शिवदयाल शर्मा, संजय व्यास, दिलीप सिंह राजपूत सहित मुख्यमंत्री सामुदायिक नेतृत्व क्षमता विकास कार्यक्रम के विद्यार्थी उपस्थित रहे। ब्लॉक समन्वयक नम्रता तिवारी ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण वर्तमान समय की सबसे बड़ी आवश्यकता है। प्रत्येक नागरिक यदि अपनी मां के सम्मान में कम से कम एक पौधा लगाकर उसकी नियमित देखभाल करे, तो आने वाली पीढ़ियों को स्वच्छ एवं हरित वातावरण उपलब्ध कराया जा सकता है। कमलेश व्यास द्वारा पर्यावरण संरक्षण का संकल्प दिलाया गया।

# आल इंडिया ट्रांसपोर्ट कांग्रेस की बैठक में परिवहन पर मंथन

**महिदपुर।** आल इंडिया मोटर्स ट्रांसपोर्ट कांग्रेस दिल्ली अध्यक्ष हरीश सभरवाल ने वार्षिक बैठक इन्दौर में सियाजी होटल में परिवहन मंथन 2026 रखी गई। बैठक में आल इंडिया के सदस्यों ने भाग लिया। कय्यूम नागौरी अध्यक्ष महिदपुर ट्रक आपरेटर यातायात सोसायटी महिदपुर ने सदस्य प्रतिनिधि के रूप में उपस्थित होकर ट्रक ट्रांसपोर्ट से सम्बन्धित समस्याओं एवं समाधान के सुझाव रखे गये। अध्यक्ष हरीश सभरवाल ने बैठक को ऐतिहासिक बताया और इन्दौर ट्रक ट्रांसपोर्ट एसोसिएशन



अध्यक्ष चम्पालाल मुकाती ने 10 दस सूत्रीय ऐजण्डा प्रस्तुत किया। जिस पर उपस्थित सदस्यों ने स्वीकृति देते हुए अन्य सुझाव को सम्मिलित करने की स्वीकृति दी।

# संगठन के प्रत्येक कार्यक्रम को अनुशासन, समर्पण और सक्रिय सहभागिता से बनाएं सफल : अग्रवाल

▸ **डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जयंती की तैयारियों पर हुई विस्तृत चर्चा**

**उज्जैन।** भारतीय जनता पार्टी उज्जैन नगर की महत्वपूर्ण संगठनात्मक बैठक नगर के सभी 12 मंडलों में नगर अध्यक्ष संजय अग्रवाल की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में आगामी कार्यकर्ता सम्मेलन, बूथ स्तर पर चल रहे डिजिटल प्रशिक्षण अभियान तथा 6 जुलाई को डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की 125वीं जयंती के अवसर पर आयोजित होने वाले कार्यक्रमों की तैयारियों एवं संगठनात्मक गतिविधियों की समीक्षा की गई।

शुभारंभ पंडित दीनदयाल उपाध्याय, डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी एवं भारत माता के चित्रों पर माल्यार्पण, पुष्पांजलि अर्पित करने तथा दीप प्रज्वलन के साथ हुआ।

जिला मीडिया प्रभारी दिनेश जाटवा के अनुसार बैठक को संबोधित करते हुए जिला अध्यक्ष संजय अग्रवाल ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी का प्रत्येक कार्यक्रम संगठन की कार्यशैली, अनुशासन और कार्यकर्ताओं की प्रतिबद्धता का परिचायक होता है। उन्होंने बताया कि संभाग प्रभारी श्रीमती लता वानखेड़े के मुख्य आतिथ्य में आयोजित होने वाले कार्यकर्ता सम्मेलन की तैयारियों की विस्तार से समीक्षा की गई।। 6 जुलाई को डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की 125वीं जयंती के अवसर पर आयोजित होने वाले विभिन्न कार्यक्रमों की रूपरेखा पर भी विस्तृत चर्चा की गई। उन्होंने सभी पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं का आव्हान करते हुए कहा कि संगठन द्वारा निर्धारित प्रत्येक कार्यक्रम को पूर्ण समर्पण, अनुशासन एवं टीम भावना के साथ सफल बनाया जाए।

बैठक को संबोधित करते हुए विधायक अनिल जैन कालूहेड़ा व निगम सभापति कलावती यादव ने कहा कि भाजपा कार्यकर्ता आधारित संगठन है। जहां प्रत्येक कार्यकर्ता संगठन की सबसे बड़ी शक्ति है। उन्होंने सभी मंडलों एवं बूथों पर संगठनात्मक गतिविधियों को और अधिक प्रभावी बनाने, कार्यकर्ताओं के बीच सतत संवाद बनाए रखने तथा आगामी कार्यक्रमों में अधिकतम सहभागिता सुनिश्चित करने का आग्रह किया।

# सहस्त्र औदिच्य ब्राह्मण समाज ने वरिष्ठ समाजसेवी स्व . व्यास को दी श्रद्धांजलि

**नागदा। श्री सहस्त्र औदिच्य ब्राह्मण समाज नागदा द्वारा समाज के अग्रज एवं वरिष्ठ समाजसेवी स्व. मोतीलाल व्यास पटेल के देवलोकगमन पर प्रकाश नगर नागदा स्थित समाज की धर्मशाला में शनिवार को श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया।**



सभा में समाज के वरिष्ठजनों ने स्व. व्यास के समाज सेवा, सादगी एवं प्रेरणादायी व्यक्तित्व का स्मरण करते हुए उन्हें भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर सुंदरलाल जोशी, रामचंद्र त्रिवेदी, चंदनसिंह व्यास, डॉ. आरसी रावल, प्रहलादसिंह पंड्या, निरंजन उपाध्याय, डॉ. कैलाश जोशी, मांगीलाल शर्मा, देवेश मेहता, निर्मला रावल, महिला मंडल अध्यक्षा सुमित्रा पंड्या, शारदा व्यास तथा गोविंद माधव ट्रस्ट के अध्यक्ष डॉ. प्रदीप रावल ने अपने श्रद्धासुमन अर्पित करते हुए स्व. व्यास के प्रति विनम्र श्रद्धांजलि व्यक्त की।

श्रद्धांजलि सभा में उपस्थित समाजजनों ने दो मिनट का मौन रखकर दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की तथा पुष्पांजलि अर्पित कर अपनी भावपूर्ण श्रद्धांजलि दी। कार्यक्रम का समापन शोकाकुल परिवार के प्रति संवेदना व्यक्त करते हुए ईश्वर से दिवंगत पुण्यात्मा को श्रीचरणों में स्थान एवं परिजनों को यह दु:ख सहन करने की शक्ति प्रदान करने की प्रार्थना के साथ हुआ। जानकारी मीडिया प्रभारी निलेश मेहता ने दी।

# सावन में 118 किमी लंबी चार द्वार साइकिल यात्रा 9 अगस्त से

**उज्जैन।** सोसायटी ऑफ ग्लोबल साइकिल द्वारा पवित्र श्रावण मास में आगामी 9 अगस्त को बहुप्रतीक्षित चार द्वार साइकिल यात्रा-2026 का आयोजन किया जाएगा।

संस्था ने डिजिटल प्लेटफॉर्म पर यात्रा का आधिकारिक पोस्टर जारी कर दिया है। 118 किलोमीटर की इस आध्यात्मिक और रोमांचक साइकिल यात्रा का उद्देश्य युवाओं को उज्जैन की सांस्कृतिक विरासत और प्राकृतिक सौंदर्य से जोड़ना है। संस्था के अध्यक्ष उत्कर्ष सिंह सेंगर और सचिव विवेक मेश्राम ने बताया कि यात्रा के दौरान प्रतिभागी पंचकोशी मार्ग पर शिवरूप में विराजमान चार द्वारपालों के दर्शन करेंगे। इनमें उत्तर द्वार के दुर्दुरेश्वर महादेव, पूर्व द्वार के पिंगलेश्वर महादेव, पश्चिम द्वार के बिल्केश्वर महादेव और दक्षिण द्वार के कायावरोहनेश्वर महादेव शामिल हैं।

यात्रा के सफल और सुव्यवस्थित संचालन के लिए अमित पंडिया को संयोजक तथा रोहित येवले को सह-संयोजक नियुक्त किया गया है। आयोजकों के अनुसार यह आयोजन मात्र एक साइकिल राइड नहीं, बल्कि स्वास्थ्य, पर्यावरण संरक्षण और आध्यात्मिक चेतना का एक जनजागरण अभियान है। ।संस्था द्वारा सभी साइकिल प्रेमियों और नागरिकों से इस यात्रा में सहभागी बनने का आव्हान किया गया है।

# कॉलेज में दीक्षारंभ के साथ पौधारोपण व स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम

**घट्टिया।** स्व. नागूलाल मालवीय शासकीय महाविद्यालय, घट्टिया में नवीन शैक्षणिक सत्र 2026-27 के अंतर्गत तीन दिवसीय दीक्षारंभ कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन एवं सरस्वती पूजन कर किया गया। प्राचार्य डॉ. पुलकिता आनंद ने नवप्रवेशी विद्यार्थियों का स्वागत करते हुए उन्हें अनुशासन, नियमित अध्ययन एवं महाविद्यालय की गतिविधियों में सक्रिय सहभागिता के लिए प्रेरित किया।

तीन दिवसीय कार्यक्रम के अंतर्गत विद्यार्थियों को महाविद्यालय की विभिन्न शैक्षणिक एवं सह-शैक्षणिक गतिविधियों से परिचित कराया गया। राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवकों एवं नवप्रवेशी विद्यार्थियों



द्वारा महाविद्यालय परिसर में पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया गया। साथ ही एनएसएस स्वयंसेवकों ने राष्ट्रीय पल्स पोलियो अभियान में सहभागिता करते हुए बच्चों को पोलियो की दवा पिलाने में स्वास्थ्य विभाग का सहयोग किया। इस अवसर पर मेंटल हेल्थ सारथी पखवाड़े के अंतर्गत सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, घट्टिया के आरकेएसके काउंसलर राजेश मालवीय ने मानसिक स्वास्थ्य विषय पर व्याख्यान देते हुए तनाव प्रबंधन, सकारात्मक सोच तथा समय पर परामर्श लेने के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने विद्यार्थियों को एप के माध्यम से मानसिक स्वास्थ्य स्व-मूल्यांकन कराया तथा 14416 हेल्पलाइन की जानकारी भी दी। कार्यक्रम में डॉ. प्रियंका गुप्ता, सुनील गुजराती, डॉ. श्वेता भल्ला, डॉ. ज्योति दातिर, डॉ. रेखा सोलंकी, डॉ. दयाराम मुझाल्दा, आईटीआई प्रभारी पूजा लोधी, श्याम रावत, सरवन मालवीय, मनीष बैरागी के साथ समस्त स्टाफ तथा बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित रहे।

## एक नजर

### उन्हेंल पुलिस ने चंद घंटों में किया वारदात का खुलासा

# कुएं में गोवंश के अवशेष फेंकने वाले चार आरोपी गिरफ्तार

**उन्हेल। उज्जैन जिले की उन्हेल थाना पुलिस ने गोवंश वध के एक मामले का चंद घंटों में खुलासा करते हुए चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से गोवंश वध में प्रयुक्त हथियार भी बरामद किए हैं। मामले में वैधानिक कार्रवाई जारी है।**

पुलिस के अनुसार, 3 जुलाई 2026 को सूचना प्राप्त हुई कि ग्राम बैजनाथ खेड़ी रोड स्थित एक कुएं में अज्ञात व्यक्तियों द्वारा गोवंश का वध कर उसके सिर एवं पैर काटकर सफेद खाद के बोरे में भरकर फेंक दिए गए हैं। पहचान छिपाने के उद्देश्य



से बोरे में पत्थर भरकर उसे कुएं में डाल दिया गया था। सूचना मिलते ही उन्हेल थाना पुलिस मौके पर पहुंची और अपराध क्रमांक 259/2026 दर्ज कर अज्ञात आरोपियों की तलाश शुरू की। पुलिस अधीक्षक के निर्देशन तथा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक एवं नगर पुलिस अधीक्षक, नागदा के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी निरीक्षक संतोष चौहान के नेतृत्व में विशेष टीम गठित की गई। मुखबिर की सूचना एवं त्वरित जांच के आधार पर पुलिस ने मुख्य आरोपी भथ्यू खान उर्फ बकरी वाला (32 वर्ष), निवासी पठान मोहल्ला, उन्हेल सहित एक 15 वर्षीय बाल अपचारी एवं उसके दो अन्य साथी (दोनों 16 वर्षीय बाल अपचारी) को हिरासत में लिया। पूछताछ के दौरान आरोपियों ने गोवंश वध करना स्वीकार किया।आरोपियों की निशानदेही पर पुलिस ने गोवंश वध में प्रयुक्त एक लोहे का धारदार सत्तूर, दो छुरियां तथा मांस काटने में उपयोग किया गया लकड़ी का गुटका बरामद किया है। पुलिस मामले में आगे की वैधानिक कार्रवाई कर रही है। इस कार्रवाई में थाना प्रभारी निरीक्षक संतोष चौहान के नेतृत्व में पुलिस टीम की महत्वपूर्ण भूमिका रही, जिसकी वरिष्ठ अधिकारियों ने सराहना की।

# भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा की उज्जैन-मंदसौर संभागीय बैठक आयोजित

**उज्जैन।** भारतीय जनता पार्टी अनुसूचित जाति मोर्चा की उज्जैन-मंदसौर संभागीय बैठक शनिवार को भाजपा जिला कार्यालय, उज्जैन में संपन्न हुई। बैठक में संगठन की आगामी कार्ययोजना, बूथ सशक्तिकरण, सदस्यता विस्तार तथा केंद्र एवं राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने को लेकर विस्तार से चर्चा की गई।

भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष लाल सिंह आर्य ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश में सामाजिक न्याय और समावेशी विकास की दिशा में ऐतिहासिक कार्य हुए हैं। अनुसूचित जाति समाज के सम्मान, सशक्तिकरण और आत्मनिर्भरता के लिए केंद्र सरकार द्वारा अनेक योजनाएं संचालित की जा रही हैं। उन्होंने कार्यकर्ताओं से समाज के प्रत्येक परिवार तक पहुंचकर सरकार की उपलब्धियों एवं संगठन की विचारधारा को प्रभावी ढंग से पहुंचाने का आव्हान किया। भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष भगवान सिंह परमार ने अपने संबोधन में कहा कि अनुसूचित जाति मोर्चा संगठन की महत्वपूर्ण शक्ति है। प्रत्येक कार्यकर्ता समाज के बीच रहकर केंद्र एवं प्रदेश सरकार की जनहितकारी योजनाओं की जानकारी पहुंचाए तथा संगठन के विस्तार में सक्रिय भूमिका निभाएं।